Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding drug trafficking and drug addiction in Film Industry.

श्री रवि किशन (गोरखपुर): अध्यक्ष जी, शून्य काल में मुझे बोलने का अवसर प्रदान करने के लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूँ । आज मैं सदन का ध्यान देश की एक बहुत बड़ी समस्या की तरफ दिलाना चाहता हूँ । हम सब जानते हैं कि ड्रग ट्रैफिकिंग, ड्रग एडिक्शन की समस्या बढ़ती जा रही है । हानिकारक दवाओं के सेवन के माध्यम से देश की युवा पीढ़ी को बर्बाद करने की साजिश रची जा रही है । मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि इस साजिश में हमारे पड़ोसी मुल्कों का हाथ है । प्रति वर्ष चीन और पाकिस्तान के रास्ते देश में भारी मात्रा में नशे की दवाइयों की तस्करी होती है और वे पंजाब के रास्ते और नेपाल के रास्ते से मंगाई जाती हैं । नशे की दवाइयों ने हमारी फिल्म इंडस्ट्री में इसके एडिक्शन करवा दिए हैं । …(व्यवधान) आज हमारी सरकार ने कई लोगों को पकड़ा है, पकड़े जा रहे हैं, NCB is doing a very good work.

महोदय, दुख की बात है कि इस प्रकार की गतिविधियां हमारी इंडस्ट्री के लोगों द्वारा भी, जहां पर स्टार्स को देखा जाता है, उनको रोल मॉडल माना जाता है, की जा रही हैं । मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूँ, अपनी सरकार से आग्रह करता हूँ, जिस हिसाब से आज हम लोग एकदम इनको चारों तरफ पकड़ रहे हैं, तो यह सख्त कारर्वाई की जाए, दोषियों को जल्द पकड़ा जाए, उन्हें उचित सजा दी जाए, तथा पड़ोसी देशों की जो साजिश है, युवा पीढ़ी को बर्बाद करने की, उस पर रोक लगाई जाए ।

धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष: श्री सुधीर गुप्ता, श्री सी.पी. जोशी, डॉ. निशिकांत दुबे, डॉ. मनोज राजोरिया, श्री कमलेश पासवान, डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी, श्री देवजी पटेल एवं कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री रवि किशन द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

माननीय सदस्यगण, मैं पीछे वाले माननीय सदस्यों से आग्रह करूंगा कि वे सामाजिक दूरी के नियमों की पालना करें । मैं पुनः सदन में सभी माननीय सदस्यों से अपेक्षा करता हूँ कि वे सभी माननीय सदस्य सामाजिक दूरी की गाइडलाइन की पालना करेंगे । मुझे खुशी है कि आज संसद सत्र के पहले दिन बड़ी संख्या के अंदर माननीय सदस्य अपने दायित्व को निभाने आए हैं, इसके लिए मैं सभी सदस्यों का पुनः धन्यवाद देता हूँ ।

श्री भानु प्रताप वर्मा ।